**खबर संक्षेप**

### त्रिपुरारी मंदिर में मनाई गई बसंती पंचमी

**मण्डला।** बसंत पंचमी के अवसर पर जगह-जगह आयोजन किए गए। इसी कड़ी में आजाद वार्ड के बाबाघाट स्थित त्रिपुरारी मंदिर में पूजन, हवन एवं भण्डारा का आयोजन किया गया। पं. संतोष शुक्ला ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती पूजन के साथ माता महाकाली का अभिषेक पूजन आदि धार्मिक अनुष्ठान के बाद भण्डारा प्रसाद वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी का पर्व हर वर्ष माघ मास की शुक्ल पक्ष पंचमी को बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसे ज्ञान, विद्या और कला की देवी मां सरस्वती के प्रादुर्भाव (उत्पत्ति) से जोड़ा जाता है। देवी सरस्वती का प्रादुर्भाव इसलिए हुआ ताकि संसार में अज्ञानता का नाश हो और ज्ञान की ज्योति फैल सके। त्रिपुरारी मंदिर में हुए आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### हेल्मेट को लेकर कप्तान की समझाईश

**भुआबिछिया।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत हीरा पेट्रोल पंप के पास आमजन को हेलमेट के बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया बिना हेलमेट के चल रहे वाहन चालकों को एसपी मंडला के द्वारा समझाइए देकर उन्हें हेलमेट गिफ्ट किया गया एवं 26 जनवरी के बाद हेलमेट नहीं पहनने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई। इस पूरे अभियान में मंडल एसपी रजत सकलेचा एसडीओपी सौरभ तिवारी निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम उपनिरीक्षक प्रवीण मालवी, सहायक उपनिरीक्षक सुरेश विजयवार एवं उपेंद्र यादव अजीत परते उपस्थित रहे।

**सिंगिंग में जोशनी और डांसिंग में सौम्या बनी चैंपियन**

# जिले की उभरती प्रतिभाओं का रंगारंग प्रदर्शन

* ज्ञानदीप स्कूल परिसर में हुआ मण्डला गॉट टैलेंट का ग्रैंड फिनाले।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





जिले की उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित 'मण्डला गॉट टैलेंट' प्रतियोगिता का भव्य एवं रंगारंग ग्रैंड फिनाले शुक्रवार की शाम स्थानीय ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायरसेकेंडरी स्कूल परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गायन एवं नृत्य विधा के प्रतियोगियों ने शानदार प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अभिनव पहल पर नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट के सौजन्य से जिले में पहली बार इस तरह की प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के युवाओं और कलाकारों को एक ऐसा मंच देना था, जहाँ वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें और पहचान बना सकें।



कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। अतिथियों ने प्रतियोगिता को जिले की प्रतिभाओं के लिए एक प्रेरणादायक अवसर बताते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

### दो चरणों के बाद चुने गए फाइनलिस्ट

प्रतियोगिता के ऑडिशन राउंड दो दिनों तक चले, जिनमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके बाद सेमीफाइनल राउंड के माध्यम से चयन कर सिंगिंग एवं डांसिंग विधा के 10-10 फाइनलिस्ट प्रतिभागियों को ग्रैंड फिनाले के लिए चुना गया।

### गायन विधा में शानदार प्रस्तुतियां

ग्रैंड फिनाले में सबसे पहले गायन विधा के प्रतिभागियों ने मंच संभाला। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति अभिषेक अग्निहोत्री द्वारा दी गई। इसके बाद क्रमशः पम्पा ठाकुर्ता, रूपेश सोनवानी, अभिजय झा, आयुष उपाध्याय, रमन बरमैया, शेख रेहान, चारूदत्त शुक्ला एवं शहबाज कुरैशी ने अपने सुरों से माहौल को संगीतमय बना दिया। गायन की अंतिम प्रस्तुति जोशनी वरकड़े द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा।

### नृत्य विधा में दिखा जोश और ऊर्जा

इसके पश्चात नृत्य विधा के प्रतिभागियों ने दमदार प्रस्तुतियाँ देकर मंच पर ऊर्जा का संचार कर दिया। नृत्य की पहली प्रस्तुति सौम्या खरे द्वारा दी गई। इसके बाद मीनू मायरोबिना सिंह, नंदनी मरावी, वरुणराज कुशवाहा, वंशिका श्रीवास्तव, अनिमेश मरावी, नियती द्विवेदी, अंशिका पटेल एवं कंचन झारिया ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों से खूब तालियाँ बटोरीं।

### विजेताओं को मिले पुरस्कार और सम्मान

आयोजन समिति एवं निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों के प्रदर्शन का सूक्ष्मता से मूल्यांकन किया गया। समिति के अंतिम निर्णय के अनुसार सिंगिंग विधा के विजेता प्रथम स्थान सुश्री जोशनी वरकड़े, द्वितीय स्थान आयुष उपाध्याय, तृतीय स्थान रूपेश सोनवानी और डांस विधा के विजेता प्रथम स्थान सुश्री सौम्या खरे,द्वितीय स्थान वरुणराज कुशवाहा, तृतीय स्थान नंदनी मरावी ने प्राप्त किया।

दोनों विधाओं के प्रथम विजेताओं को 51-51 हजार रुपये की पुरस्कार राशि एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान किए गए। वहीं फर्स्ट रनरअप को 21-21 हजार रुपये तथा सेकंड रनरअप को 11-11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण के अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सांसद प्रतिनिधि श्री जयदत्त झा एवं लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री सुजोय कुमार ने मंच पर पहुंचकर विजेताओं एवं उप विजेताओं को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### प्रतिभा को मिला नया मंच

'मण्डला गॉट टैलेंट' प्रतियोगिता ने यह संदेश दिया कि जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा और अवसर का प्रतीक भी साबित हुआ।

# कर्दम ऋषि जन्मजात विरक्त व भगवान के प्रेमी और पिता के आज्ञाकारी थेः पाण्डेय जी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

निवास क्षेत्र के ग्राम जिलहटा में चल रही श्रीमद भागवत कथा में दूसरे दिन पर कथावाचक उदय प्रकाश पांडेय जी नदावन कटनी वाले ने बताया कि कर्दम ऋषि ब्रह्मा जी के पुत्र थे, ब्रह्मा जी ने इनको आदेश दिया सृष्टि का कार्य आगे बढाओ। कर्दम ऋषि जन्मजात विरक्त थे भगवान के प्रेमी थे लेकिन पिता के आज्ञाकारी थे। उनका गृहस्थाश्रम में जाने का मन नहीं था पर पिता की आज्ञा को मानना भी आवश्यक था अतः उन्होंने बीच का रास्ता निकाला। कर्दम जी ने सोचा पिता की आज्ञा का पालन तो करना है पर पहले कोई ऐसा काम कर लो जिससे सृष्टि में प्रवेश करने के बाद उससे बाहर निकलने का रास्ता मिल जाए। गृहस्थाश्रम में जाने से पहले गृहस्थाश्रम के झंझटों से कैसे निकलोगे ये सीखकर तब जाना चाहिए। उन्होंने सरस्वती नदी के किनारे भगवान की अराधना प्रारंभ कर दी। सरस्वती के किनारे शंख, चक्र, गदा हाथ में लिए भगवान प्रकट हो जाते हैं। कर्दम जी भगवान की स्तुति करते हुए कहते हैं प्रभु आपको पाने के बाद यदि कोई आपसे दुनिया की वस्तु मांगता है तो आपकी माया के द्वारा ठगा गया है। कर्दम जी भगवान से कहते हैं पिताजी ने सृष्टि रचना के लिए गृहस्थाश्रम में प्रवेश करने की आज्ञा दी है। अतः मैं चाहता हूं गृहस्थाश्रम के बाद मेरी साधना में भी सहयोग करे। इसलिए मैंने आपकी साधना की है। कथा के समापन पर यज्ञाचार्य रमाकांत शास्त्री जी ने बताया कि कथा के तीसरे दिवस पर कपिलोख्यान पर कथा होगी।




# पुलिस अधीक्षक ने किया नर्मदा जयंती की सुरक्षा तैयारियों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने नर्मदा जयंती पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए माहिष्मती घाट मंडला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सकलेचा ने निर्धारित पार्किंग व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा भंडारा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्धारित मार्ग व्यवस्था (डायवर्जन/आवागमन मार्ग) की समीक्षा की तथा कहा कि अधिक भीड़ वाले संभावित स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाएं। इसके साथ ही सुरक्षा, यातायात एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि नर्मदा जयंती के दिन श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और कानून व्यवस्था पूर्णतः सुदृढ़ बनी रहे। इस दौरान एसडीओपी मंडला श्री पीयूष मिश्रा, नगर पालिका सीएमओ श्री गजानन नाफडे, थाना प्रभारी कोतवाली शफीक खान, यातायात थाना प्रभारी श्री ललित धुर्वे, नायब तहसीलदार श्री राम सिंह उलाड़ी, सूबेदार श्री योगेश राजपूत सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मंडला जिले में 25 जनवरी को होगा निर्झरणी महोत्सव

* माहिष्मती घाट पर जनजातीय नृत्य, गुरु दक्षिणा लीला व भक्ति संगीत की रहेगी रंगारंग प्रस्तुति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जीवनदायिनी माँ नर्मदा के प्रति श्रद्धा और संस्कृति को समर्पित ''निर्झरणी महोत्सव'' का आयोजन 25 जनवरी को सायं 6:30 बजे से माहिष्मती घाट, मंडला में किया जाएगा। यह महोत्सव नर्मदा के प्रति आस्था के उत्सव के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें जिलेवासियों को लोक-संस्कृति एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

महोत्सव के अंतर्गत जनजातीय नृत्य प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहेंगी। साथ ही "गुरु दक्षिणा" विषय पर लीला नाट्य प्रस्तुति भी आयोजित की जाएगी, जिसका पुनर्संयोजन आशीष पटेल, सिवनी द्वारा किया गया है। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में भक्ति संगीत की प्रस्तुति मुकुल सोनी एवं साथी, रीवा द्वारा दी जाएगी। यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसमें जिला प्रशासन, मंडला का सहयोग रहेगा।आयोजकों ने जिले के समस्त नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।




**चालाकी** | **अपर बुढ़नेर डेम में कथित 7.5 करोड़ घोटाले पर FIR की मांग।**

# कठघरे में जल संसाधन विभाग?

* जनप्रतिनिधियों ने की पुलिस अधीक्षक से शिकायत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंडला जिले की अपर बुढ़नेर (Upper Budhner) मेजर डेम परियोजना में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिम्मेदार अधिकारियों पर FIR दर्ज करने की मांग की है। आरोप है कि बिना वैधानिक प्रक्रिया अपनाए लगभग 7.5 करोड़ मूल्य की पाइप सामग्री गिरा दी गई, जो सरकारी धन के दुरुपयोग और कानून उल्लंघन का मामला बनता है।

इस मुद्दे पर जिला सरपंच संघ अध्यक्ष श्री फूल सिंह मरकाम, पेसा (PESA) अध्यक्ष श्री शिव कुमार परस्ते, सामाजिक कार्यकर्ता कामता सिंह परस्ते, ग्राम प्रतिनिधि फूल सिंह मरावी, सोन सिंह केराम, दादूलाल परस्ते सहित अनेक ग्राम सभा अध्यक्षों एवं ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से आवाज़ उठाई है।

**वैधानिक प्रक्रियाओं के उल्लंघन का आरोप**

शिकायतकर्ताओं के अनुसार अपर बुढ़नेर परियोजना पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में आती है, जहाँ निम्न प्रक्रियाएँ अनिवार्य हैं, लेकिन उनका पालन नहीं किया गया- भूमि अधिग्रहण की कोई वैध अधिसूचना जारी नहीं हुई। ग्राम सभा से पूर्व अनुमति व सहमति नहीं ली गई (PESA Act 1996 का उल्लंघन)। LARR Act 2013 के अंतर्गत Social Impact Assessment (SIA) नहीं कराया गया। Forest Rights Act 2006 के अंतर्गत मान्यता एवं अधिकार निर्धारण नहीं हुआ। पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (R&R) प्रक्रिया लागू नहीं की गई।इसके बावजूद परियोजना स्थल पर भारी मात्रा में पाइप सामग्री गिरा दी गई और भुगतान प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई गई।

BNS 2023 की धाराओं के तहत अपराधशिकायत में उल्लेख किया गया है कि यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है, जिनमें प्रमुख धाराएँ हैं: धारा 316(5) – लोक सेवक द्वारा सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग धारा 318 – धोखाधड़ी, धारा 61 – आपराधिक षड्यंत्र धारा 197 – कानून की जानबूझकर अवहेलना, धारा 198 – अवैध लाभ पहुँचाने हेतु कर्तव्य उल्लंघन।




# आज माँ रेवा के घाटों पर उमड़ेगा भक्तों का सैलाब



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। म.प्र. को हरा भरा कर अपने भक्तों को आशीष देने सदा ही तत्पर रहने वाली क्षेत्र की जीवन दायिनी माँ नर्मदा जी का प्रकटोत्सव आज रविवार को है। इसी के चलते क्षेत्र के नर्मदा भक्तों द्वारा हर्षोल्लास से मनाने की तैयारियों शहर के साथ साथ क्षेत्र के ग्रामीण जनों द्वारा काफी दिन पहले से ही कर दी गई थी। यह बड़ा ही अनोखा संगम है कि माँ नर्मदाजी का प्रकटोत्सव भगवान सूर्यदेव के प्रिय दिवस रविवार को होने के कारण काफी पुण्यदायी बनने से नही चूक पा रहा है। बताया जाता है कि माँ नर्मदा जयंती मनाने के लिए लोगो का उत्साह व श्रद्धा देख अनुमान लग रहा है कि पूज्नीय पाप मोक्षनी माँ नर्मदा के दर्शन, पूजन तथा मंदिरों में भगवान की आराधना करने आज हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी माँ नर्मदा के पावन घाटों पर पहुंचेगे जहां रेवा मैया की अविरल बह रही जल राशि में स्नान करने के बाद उनकी ओर से माँ नर्मदा जी की पूजा, अर्चना कर उनका आशीष ग्रहण करेगे तथा क्षेत्र की सुख शांति की कामना करते हुए रात्री में दीप दान किये जावेगे। हर साल देखा जाता है कि नर्मदा जयंती के मौके पर जहां लोग हजारों की संख्या में चुनरी लेकर पहुंचते है और कुछ दिन पहले से ही शहर की सड़को से नर्मदा जयंती के मौके पर सरे भरते हुये लोग रवाना होते है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी आज नर्मदाजी की जयंती पर माँ रेवा मैया का पूजन अर्चन करने के लिये सरे भरते हुये पहुंचने वाले भक्तों की जत्थें जहां दो तीन दिन पहले से ही निकलना शुरू हो चुके थें। वही दूसरी ओर देर शाम शहर की सड़को पर पैदल यात्रा करते हुये नर्मदा जाने वालो की भीड शहर की सड़को पर दिखाई देना शुरू हो चुगी थी..? मुख्य रूप से समीपस्थ ग्राम बारहाबड़ा से जनपद सदस्य सीमा चौरासिया सहित गांव के अन्य लोग 151 मीटर लम्बी चुनरी लेकर माँ नर्मदाजी के लिये रात के समय ही पैदल रवाना हुआ। इस तरह लगातार निकल रही भीड़ को देखकर यह अनुमान आसान से लगाया जा सकता है कि आज नर्मदा जी की जयंती के मौके पर नर्मदा घाटो पर भीड़ को जो सैलाब देखने मिलेगा वह निश्चित तौर से एक रिकार्ड बनाने से नही चूकेगा। वही दूसरी ओर आज शाम होने वाले माँ रेवा मैया के दीपदान की तैयारियों को लेकर समीपस्थ ककरा घाट पर साज सज्जा करते हुये एक अनोखी छटा प्रदान की गई जो नर्मदाजी की लहरों के बीच मनमोहक छटा बिखरते हुये लोगों को माँ रेवा मैया की भक्ति में लीन होने के लिये मजबूर करने से नही चूक रही है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि नर्मदा जयंती को लेकर भक्तों में जो उत्साह देखने मिल रहा है उसके चलते जहां माँ नर्मदाजी के तट पर पैदल जाने वाले भक्तों की भीड़ जहां कल सोमवार की शाम से ही शुरू हो चुकी थी। वही दूसरी ओर नगर के कुचबंदिया ट्रेवल्स द्वारा नर्मदा भक्तों के लिये पूर्णरूप से निःशुल्क सेवा प्रदान करने की घोषणा की गई है। वही आज दिन भर गाडरवारा से ककरा घाट की ओर जाने वाले मार्ग पर भीड़ का आलम देखने मिलेगा। वही आज शाम के समय दीपदान करने के लिये हजारों की संख्या में लोग अपने छोट बडे वाहनों से पहुंचने से नही चूकेगी। मगर इसके बाद भी इस तरह भीड़ का नजारा देखने के बाद भी प्रशासन की उदासीनता का जो नजारा देखा जाता है वह लोगों को हैरत में डालने से नही चूकता है। क्योंकि रात के समय इस मार्ग से गुजरने वाली भारी भरकम डम्फरों से लेकर हाईवों के दौड़ने के कारण लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने से नही चूकता है। इस बात को लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन प्रशासन से लगातार यह मांग उठाई जाती है कि नर्मदाजी की जयंती तथा हर माई की पूर्णिमा की पूर्व संध्या से इस मार्ग यानि की गाडरवारा ककराघाट मार्ग पर महिने में एक दिन तथा साल भर में एक बार पड़ने वाली नर्मदाजी की जयंती के दिन इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया जावे। मगर इस सच्चाई को प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि नर्मदाजी के भक्त अपनी जिंदगी को दांव पर लगाते हुये नर्मदा तटो तक पहुंचने के लिये मजबूर होने से नही चूकते है। इसी प्रकार से शासन प्रशासन से क्षेत्र के लोगों द्वारा आज दिन भर तथा दीपदान को ध्यान में रखते हुये शाम से लेकर देर रात तक इस मार्ग से गुजरने वाले डम्फर व हाईवों के संचालन पर रोक लगाये जाने की मांग की गई है। इस तरह आज माँ नर्मदाजी की जयंती के मौके पर क्षेत्र के ककरा घाट सहित कोठिया, झिकोली, शोकलपुर, भटेरा, पिठहरा, घघरौला खुर्द सहित लगभग सभी घाटों पर भक्तों का जन सैलाब उमड़ते हुये देखा जावेगा। वही दूसरी ओर नगर गाडरवारा में नर्मदा भक्तों द्वारा बीते हुये शनिवार को निकाली गई 201 मीटर लम्बी चुनरी यात्रा ने नगर भ्रमण किया गया था। वह आज भक्तों द्वारा उस चुनरी को माँ नर्मदाजी को अर्पित करने के लिये पैदल लेकर रवाना होगे जो दोपहर के समय पहुंचने के बाद पूजन अर्चन सहित महाआरती के बाद नर्मदाजी को अमर्पित करने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जावेगा जो दिन भर जारी रहने के कारण हजारों लोगों द्वारा प्रसादी ग्रहण की जावेगा।

# जिस दिन युवा विनम्र बनकर सेवा करने लगे तो राम राज्य स्थापित होने से नहीं चूकेगा

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर के आजाद वार्ड इन्द्रा कालोनी में चल रही नौ दिवसीय 108 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में चल रहे मंत्रों की ध्वनि गाडरवारा सहित संपूर्ण क्षेत्र में गुंजयमान होते हुये सुनाई देने से नही चूक रही है। क्योंकि चल रहे माह में इस यज्ञ का इस नगर में होना निश्चित ही नगर व संपूर्ण क्षेत्र के लिये एक विकासकारी साबित होने से नही चूकेगा। वही आयोजन के दूसरे दिवस कामदगिरी पीठाधीश्वर रामस्वरूपाचार्य महाराज ने भगवान की कथा सुनाते हुये कहा कि भगवान की कथा हम भगवान को सुना रहे हैं। ईश्वर सर्वत्र है भगवान जन्म नहीं लेते प्रकट होते है। युवाओं को चाहिए विनम्र बने सरल बने मां-बाप की सेवा करें अपने गुरुजनों की सेवा करते हुये उनका सम्मान करे। क्योंकि गुरू को भगवान से बढ़ा दर्जा दिया गया है। जिस तरह युवा वर्ग विनम्र होने के साथ अपने गुरूओं व बड़ो का आदर करने लगेगे तो मानों इस दुनिया में राम राज्य स्थापित होने से नही चूकेगा। माँ बाप को अपने बच्चों का नामकरण खुद नहीं करना चाहिए अपने गुरु जनों से या ब्राह्मण से नामकरण करना चाहिए। क्योंकि व्यक्ति के जीवन में उसका नामाकरण विशेष महात्वकारी साबित होने से नही चूकता है। महाराजजी ने दशरथ गुरु वशिष्ठ जो को बुलाकर के भगवान का नाम कारण कराया था। हमें रामायण से राम कथा की शिक्षा लेना चाहिए की भगवान राम गुरुकुल में पढ़ने के लिए गये थें। उनके आचारण तथा मर्यादा के चलते आज भी जाने जाते है।



युवाओं को आचरण शील होना चाहिए। नवयुवकों को चाहिए भगवान राम को आदर्श माने । भले की बच्चों को धन ना दे लेकिन संस्कार अवश्य दें जो मां-बाप बच्चों को संस्कार नहीं देते वह समाज के सबसे बड़े दुश्मन होने से नही चूकते है। क्योंकि जब बच्चों में संस्कार की कमी रहती है तो वह अपने साथ साथ अपने माता पिता की गरिमा को धूमिल करने से नही चूकते है। भगवान इस पृथ्वी लोक में धर्म की रक्षा और भक्तों के प्रेम के कारण अवतरित होते थें। वही कथा व्यास आचार्य प्रवीण मणि ने भागवत कथा के तीसरे दिवस भक्त प्रहलाद प्रसंग बडे ही मार्मिक तरीके से सुनाते हुये कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा का आगाज गुरु वंदना के साथ किया गया। इसके उपरांत उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन सुनाते हुये कथा व्यास प्रवीण मणि जी ने बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है। वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल आधार माना जाता है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ थें। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं, जिससे सीख लेने की जरूरत है। इस दौरान कथा वाचान में बताया कि हम किसी भी यज्ञ में जब जाते है तो वहां पर यज्ञ वेदी परिक्रमा जरूर लगाना चाहिये। बहुत से लोग इस तरह से होते है कि वह आते जरूर है। मगर यज्ञ वेदी की तरफ देखते तक नही है और मेल में घूमने के बाद मनोरंज करते हुये वापिस हो जाते है। इस तरह नगर में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में जहां प्रतिदिन भक्तो की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है।

## रीछावर को पराजित खुलरी टीम बनी विजेता



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** निश्चित जिस तरह क्रिकेट अनिश्चिता का खेल माना जाता है उसी के चलते उसकी लोक प्रियता इतनी बन चुकी है कि शहरों के साथ साथ गांवों में भी प्रतियोगिताये आयोजित होते हुये देखी जाने लगी है। कुछ इसी प्रकार से जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने ग्राम उसराय में माँ नर्मदा क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित की गई टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन बीते हुये दिवस रीछावर व खुलरी टीमों के बीच फाईनल मुकाबले के बाद हुआ। इस फाईनल मुकाबले में खुलरी टीम द्वारा रीछावर को पराजित करते हुये प्रतियोगिता का अपना खिताब जमाया। वही समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद क्षेत्र के विधायक तथा प्रदेश के शिक्षा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा विजेता व उप विजेता बनी टीमों को पुरूस्कार प्रदान करते हुये सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि विजेत रही खुलरी टीम को 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी तथा उप विजेता रही नर्मदा क्रिकेट क्लब रीछावर को सरपंच मलखान पटेल के सौजन्य से 11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता समापन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुये कहा कि किसी भी खेल में जब आमने सामने दो टीमें होती है तो एक टीम हारती तभी तो दूसरी जितने में सफल होती है। मगर यह बात जरूर है कि क्रिकेट खेल की एक अनोखी लोक प्रियता है जिसके चलते इस खेल के आयोजन अब शहरों के साथ साथ गांवों में होते हुये देखे जाने लगे है। जब हमारे बच्चे गांवों में इस तरह के आयोजन संपन्न कराते है तो संपूर्ण ग्रामवासियों में खुशी देखने मिलती है और अपना सहयोग देने में पीछे नही रहते है। इस दौरान मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने ग्रामीणों की विभिन्न मांगों को स्वीकार करते हुए 50 लाख रुपये की विकास राशि देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का सफल संचालन ठाकुर रणजीत सिंह मंटू राजपूत द्वारा किया गया। आयोजन समिति के सदस्य सीताराम राजपूत, रोहित राजपूत, शिवपाल राजपूत, राजा राजपूत, अनुज राजपूत, सूरज राजपूत, मलखान झारिया, सुनील झारिया, राजकुमार ठाकुर, भोजराज सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। समापन समारोह के दौरान मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, दिग्विजय राजपूत, राजेश पटेल, प्रियांक जैन, रंजन स्थापक, मूरत पटेल, सज्जन पटेल, लल्ली पटेल, सुरेन्द्र पटेल, रमाकांत शुक्ला, अज्जू शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सरपंच गण अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी सहायिका को पद से पृथक करने का जारी हुआ आदेश



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** अपने कार्य में लापरवाही/ अनियमितता और लंबे समय से अनुपस्थित होने के आधार पर आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती लीना मेहरा को सहायिका पद से पृथक करने का आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना चीचली के द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती मेहरा को बार- बार आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित होकर कार्य करने के निर्देश दिए गए थे। वही उन्हें कारण बताओ सूचना पत्रों का जवाब प्रस्तुत किए जाने के उपरांत भी आज दिनांक तक केन्द्र में उपस्थित नहीं होना पाया गया। साथ ही कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब नहीं दिया गया। लंबी समयावधि से केन्द्र से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों तथा निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना किए जाने के परिणामस्वरूप पद से प्रथक करने का यह आदेश जारी किया गया है।

## सांगई स्कूल में बच्चों द्वारा बसंत पंचमी के साथ मनाई सुभाष जयंती



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** स्कूलों में शिक्षको द्वारा समय समय पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को धार्मिक महत्व बढ़ने के साथ महा पुरूषों की जानकारिया भी मिलती रहती है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये शुक्रवार को समीपस्थ ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियो ने माँ सरस्वती जी के चित्र का पूजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए सरस्वती वंदना गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्र छात्राओं ने लयबद्ध होकर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बबली केवट, द्वितीय स्थान पवन केवट एवं तृतीय स्थान आराध्या केवट ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव एवं माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने विद्यार्थियों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस ज़ी की जीवनी से अवगत कराया एवं बच्चों से प्रतिदिन माँ सरस्वती ज़ी की आराधना करने को कहा। इस अवसर पर देवन्द्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, चंद्रभूषण नामदेव, नेतराम केवट आदि उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप



### अमरपुर से आज निकलेगी मां नर्मदा जी की विशाल चुनरी यात्रा

**अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर से आज मां नर्मदा जयंती के सुअवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा चुनरी मां नर्मदा जी को अर्पित की जाएगी। शुक्रवार को मां नर्मदा जी की प्रतिमा चक्रवर्ती मुहल्ले से बाजे गाजे के निकाल कर पूरे अमरपुर नगर भ्रमण के बाद शाम को खरमेर नदी के आम घाट में मां नर्मदा जी प्रतिमा जल विहार के लिए रखी गई थी। जहां देर शाम महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। शनिवार को मां नर्मदा जी की मूर्ति दिन भर जल विहार के पश्चात शाम को आरती प्रसाद वितरण के बाद मां नर्मदा की प्रतिमा बाजार चौक स्थित मां नर्मदा मंदिर में रखी गई थी। जिसे आज सुबह 9 बजे मां नर्मदा मंदिर में पूजा.अर्चना के पश्चात मां नर्मदा जी की प्रतिमा एवं विशाल चुनरी यात्रा रामगढ़ए बाकांटोलाए नेवसाए भपसाए धनवासीए सलैयाए रमपुरी होते हुए मां नर्मदा घाट पहुंचकर विशाल चुनरी को अर्पित किया जाएगा। जिसे अमरपुर एवं आसपास क्षेत्रों के भक्त अपने कंधों में रखकर 22 किलोमीटर पैदल चलकर रमपुरी स्थित नर्मदा घाट में मां नर्मदा जी को अर्पित किया जाएगा। ज्ञातव्य होवे कि विगत कई वर्षों से अमरपुर सहित आसपास गांवों के श्रद्धालु भक्तों द्वारा मां नर्मदा जी को अत्यधिक लंबी चुनरी अर्पित की जाती हैं। यह चुनरी तैयार करने में अमरपुर एवं आसपास क्षेत्र की महिलाओं से साड़ी के रूप में चुनरी ली जाती हैं। एवं इस चुनरी को पूरी श्रद्धा भाव से मां नर्मदा को अर्पित करके पुनः उन माताओंए बहनों को वही साड़ी प्रसाद स्वरूप वापस भी कर दी जाती हैं।

### अमरपुर महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर कार्यक्रम संपन्न

**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉण सीमा डावर एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉण सुनील काकोड़िया के मार्गदर्शन में बसंत पंचमी एवं नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बसंती पंचमी की शुभ अवसर पर मां सरस्वती देवी की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉण निगहत खान ने कार्यक्रम बसंत पंचमी की महत्व को बताते हुए बसंत ऋतु प्रकृति की एक परिवर्तित स्वरूप होती हैं। जिसमें बसन्त ऋतु जीवन में नवीनताए उल्लासए सौंदर्य और समृद्धि का संदेश देती हैं। यह प्रकृति और मानव जीवन दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण ऋतु हैं। प्रोण आशीष कुमार मरावी ने भारतीय ज्ञान परंपरा के बसंत पंचमी पर्व बसन्त ऋतु का मौसम संतुलित और सुखद होता हैं। अत्यधिक ठंड या गर्मी नहीं होने से शरीर स्वस्थ और सक्रिय रहता हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती हैं। इसके पश्चात 23 जनवरी नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके क्रांतिकारी विचार एवं राष्ट्र निर्माण की विषय पर परिचर्चा की गई। डॉण निधि सिंह ने भी बसंत पंचमी एवं नेता जी सुभाष चंद्र बोस की विचारों की महत्व को बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ डॉण अनिल कुशरामए डॉण सौरभ सामंतए जयदीप दुबेए डॉण पुष्पेंद्र तिवारीए कैलाश प्रसाद लखेराए ओमकार वाटियाए कमलेश वास्पे एवं छात्र . छात्राएं उपस्थित रहे।

### अमरपुर महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजित



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रकोष्ठ प्रभारी डॉण सीमा डावर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉण सीमा डावर ने अपने वक्तव्य में कहा कि 24 राष्ट्रीय बालिका दिवस की उपलक्ष्य में बालिका प्रत्येक समाज की परिवार के विकास की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। बाल संरक्षण क्लब एवं रासेयो स्वयं सेवकों ने गीत और भाषण के माध्यम से राष्ट्रीय बालिका दिवस पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये। डॉण निगहत खान एवं प्रोण आशीष कुमार मरावी ने भी अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर स्वयं सेवकों को बालिका दिवस की महत्व को बताएं।

# कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने ग्राम पंचायत घानाघाट का किया औचक निरीक्षण

**कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने शनिवार को ग्राम पंचायत घानाघाट कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरपंच एवं सचिव से ग्राम पंचायत में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।**





डिंडौरी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजनाए मनरेगाए मां की बगियाए मेढ़.तालाबए वृद्धावस्था पेंशनए एसआईआरए किसान सम्मान निधिए आजीविका मिशन सहित पंचायत द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पंचायत में संधारित समस्त पंजी एवं अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिएए किंतु ग्राम सचिव द्वारा संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस पर कलेक्टर ने 10 दिवस के भीतर सभी अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय.सीमा में दस्तावेज उपलब्ध न कराने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर ने सरपंचए सचिव एवं रोजगार सहायक को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आगामी ग्रामसभा में ग्राम पंचायत की आवश्यक एवं प्राथमिक विकास आवश्यकताओं के प्रस्ताव तैयार कर जनपद पंचायत डिंडौरी को प्रस्तुत किए जाएंए ताकि विकास कार्य समय पर स्वीकृत होकर पूर्ण किए जा सकें।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने घानाघाट में स्व.सहायता समूह ष्तेजस्वनी नारी विकास महिला संघष द्वारा संचालित न्यूट्री बेकरी का भी अवलोकन किया। यहां कोदोए कुटकीए महुआ और मक्का से ब्रेडए पावए बिस्किटए बर्फी एवं नमकीन जैसे पोषणयुक्त उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने स्वयं मशीनें चलाकर उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली तथा उत्पादों की गुणवत्ताए पैकेजिंगए रख.रखावए कच्चे मालए विक्रय व्यवस्था और उत्पादन से होने वाले लाभ पर समूह की अध्यक्ष रजनी मंदे एवं समूह की महिलाओं से चर्चा की।उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विभागीय बैठकों में इन पोषणयुक्त बिस्किट एवं नमकीन का उपयोग नाश्ते के रूप में सुनिश्चित किया जाएए जिससे स्व.सहायता समूह को आर्थिक लाभ मिल सके और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिले।निरीक्षण के दौरान एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगनए महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौरए जनसंपर्क अधिकारीए तहसीलदारए सरपंचए सचिव सहित अन्य अधिकारीए कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलों के माध्यम से ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की दी गई जानकारी



### ग्राम राछो एवं रनगांव में ग्राम उत्सव का भव्य आयोजन

शहपुरा

मध्य प्रदेश शासन के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नामांकुर संस्था शिव शक्ति जन कल्याण समितिए बांकी के बैनर तले ष्ग्रामोदय से अभ्युदयष कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम विकास पखवाड़ा का आयोजन 12 जनवरी से 26 जनवरी तक किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम राछो एवं रनगांव में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के तत्वावधान में ग्राम उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद एवं मां भारती के पूजन.अर्चन के साथ की गई। ग्राम विकास पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम उत्सव के माध्यम से सामाजिक जागरूकता बढ़ानाए पर्यावरण संरक्षणए आत्मनिर्भरताए जल संरक्षणए गौ संरक्षणए स्वदेशी अभियानए नशा मुक्तिए स्वच्छता तथा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर गांवों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गयाए जिसमें स्कूली छात्र.छात्राओं के साथ.साथ महिला एवं पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में रीनाए सैला एवं करमा नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत वॉलीबॉलए कबड्डीए कुर्सी दौड़ एवं रस्सा खींच जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्ति एवं स्वच्छता को लेकर संकल्प भी दिलाया गया। ग्राम उत्सव में ग्राम पंचायत प्रतिनिधिए पेसा एक्ट अध्यक्षए ग्राम विकास प्रश्नफुटन समिति के अध्यक्षए सचिव एवं सदस्यए ग्राम की महिला.पुरुषए स्कूली छात्र.छात्राएं तथा शिक्षक स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नामांकुर संस्था के अध्यक्ष डुमारी चक्रवर्तीए ग्राम विकास प्रश्नफुटन समिति से सुखरामए मनीषए नान सिंहए पातीरामए शाला से सुकेश नारायण साहूए मुकेश यादवए हरि सिंह एवं अनुपम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी उपस्थितजनों को प्रसाद वितरण किया गया। ग्रामवासियों ने आयोजन की भूरि.भूरि प्रशंसा की। अंत में नामांकुर संस्था की ओर से डुमारी लाल चक्रवर्ती ने सभी अतिथियोंए प्रतिभागियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बाल विकास विद्या मंदिर हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं जयराम मालवीय जयंती कार्यक्रम



अमरपुर।

जनपद पंचायत मुख्यालय स्थित बाल विकास विद्या मंदिर हाई स्कूल अमरपुर में स्वण जयराम मालवीय जंयती एवं शाला का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि बी आर सी सुवेश किशोर दुबेए विशिष्ट अतिथि पत्रकार देव सिंह भारतीए जन शिक्षक पारस मणि जंघेलाए साक्षर समन्वयक परस्तेए जन अभियान परिषद जिला समन्वयक धर्मेन्द्र चौहानए ब्लॉक समन्वयक अमर लाल धुर्वे एवं पीण्टीण्एण अध्यक्ष शुद्धु सिंह मरकाम आदि द्वारा फीता काट कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तर सिंह मरकाम द्वारा किया गया। जहां पर मुख्य रूप से साहब लाल पुषामए सतेंद्र ठाकुरए संतोष तिवारीए टीकाराम यादवए गुलाब सिंह ठाकुरए बलराम राजपूतए मल्ली बाई उइकेए रजनी बाई यादवए गजराज महदेलेए सुरेश यादवए राधेश्याम बनवासीए छात्र छात्राओं के अभिभावकए पालकगणों सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित हुए। संस्था के संचालक अरविंद यादव के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों को साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यालयीन नन्हें मुन्ने छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रांतों के आकर्षक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। जिन्हें उपस्थित मंचासीन अतिथियों द्वारा परितोषक के रूप में नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नशा के ऊपर नाटक के बाद जन अभियान ब्लॉक समन्वयक द्वारा नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर शिक्षक व्ही पी बैलियाए एसण एसण मंसूरीए टीण्एलण यादवए खिलावन लाल यादवए के एस मरावीए भजन करचामए शिक्षिका नेहा पुषार्वेए सीता सरोतेए तनुजा विश्वकर्माए प्रमिला मांझीए पारुल बर्मनए मानसी यादवए छोटे लाल यादवए जमुना बाईए अनीता बाईए राजेश यादवए शांति बाई आदि समस्त विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में अरविंद कुमार यादव द्वारा सभी मुख्य अतिथि एवं गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजित कार्यक्रम का संचालन रमेश कुमार धुर्वे के द्वारा किया गया।

## ग्राम टिकरिया में भव्य हिंदू सम्मेलन संपन्न महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन



शहपुरा . डिंडोरी

जिले के शहपुरा जनपद अंतर्गत ग्राम टिकरिया में गुरुवार को बजरंग मंदिर प्रांगण में आयोजित हिंदू सम्मेलन धार्मिक आस्थाए सामाजिक एकता और सनातन संस्कृति के संदेश के साथ शांतिपूर्ण एवं भव्य रूप से संपन्न हुआ। डिंडोरी जिला अंतर्गत शहपुरा जनपद क्षेत्र के ग्राम टिकरिया में गुरुवार को बजरंग मंदिर स्थित प्रांगण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में माताएं.बहनेंए गांव की महिलाएंए बुजुर्गए युवा एवं बच्चे पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ उपस्थित रहे। हिंदू सम्मेलन के दौरान सनातन धर्मए सामाजिक समरसताए आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा। सम्मेलन के समापन अवसर पर विधिवत महाआरती का आयोजन किया गयाए जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। महाआरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गयाए जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों ने इस आयोजन को समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला बताते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम शांतिपूर्णए सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## अमरपुर महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर कार्यक्रम संपन्न



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉण सीमा डावर एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉण सुनील काकोड़िया के मार्गदर्शन में बसंत पंचमी एवं नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बसंती पंचमी की शुभ अवसर पर मां सरस्वती देवी की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉण निगहत खान ने कार्यक्रम बसंत पंचमी की महत्व को बताते हुए बसंत ऋतु प्रकृति की एक परिवर्तित स्वरूप होती हैं। जिसमें बसन्त ऋतु जीवन में नवीनताए उल्लासए सौंदर्य और समृद्धि का संदेश देती हैं। यह प्रकृति और मानव जीवन दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण ऋतु हैं। प्रोण आशीष कुमार मरावी ने भारतीय ज्ञान परंपरा के बसंत पंचमी पर्व बसन्त ऋतु का मौसम संतुलित और सुखद होता हैं। अत्यधिक ठंड या गर्मी नहीं होने से शरीर स्वस्थ और सक्रिय रहता हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती हैं। इसके पश्चात 23 जनवरी नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके क्रांतिकारी विचार एवं राष्ट्र निर्माण की विषय पर परिचर्चा की गई। डॉण निधि सिंह ने भी बसंत पंचमी एवं नेता जी सुभाष चंद्र बोस की विचारों की महत्व को बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ डॉण अनिल कुशरामए डॉण सौरभ सामंतए जयदीप दुबेए डॉण पुष्पेंद्र तिवारीए कैलाश प्रसाद लखेराए ओमकार वाटियाए कमलेश वास्पे एवं छात्र . छात्राएं उपस्थित रहे।

# मंडला टीम ने अमरपुर को शानदार 8 विकटों से पराजित करते हुए बनी विजेता

अमरपुर।

जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में यंग स्टार स्पोर्ट क्लब अमरपुर के तत्वावधान में स्वण लोकमन साहू खेल मैदान में सांसद कप लेदर बॉल अमरपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2 जनवरी से आयोजित किया गया था। जिसका फाइनल मुकाबला 23 जनवरी शुक्रवार को रिंकू राय इलेवन ;मेकल मंडलाद्ध एवं वाईएससी अमरपुर मध्य मैच खेला गया। जिसमें वाईएससी अमरपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेकर अपने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 116 रन बनाकर रिंकू राय इलेवन ;मेकल मंडलाद्ध के समक्ष 117 रनों का आसान सा लक्ष्य रखा। वाईएससी अमरपुर के लिए बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज अरविंद उसराठे ने सर्वाधिक 34 रन 40 गेंदों पर 6 चौंके की मदद से बनाएए प्रदीप वनवासी ने 25 गेंदों पर 2 चौंके व 1 छक्के की मदद से 22 रन बनाए एवं देवेंद्र मालवीय ने 10 रन बनाएं। इनके अलावा वाईएससी अमरपुर के कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। रिंकू राय इलेवन ;मेकल मंडलाद्ध की ओर से प्राजंल सिरसाम ने 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेटए मोहम्मद इरफान 3 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट एवं पीकेए रोविन और संतोषी यादव 1.1 विकेट हासिल किए। 117 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिंकू राय इलेवन ;मेकल मंडलाद्ध ने महज 9०5 ओवर में अपने 2 विकेट खोकर शानदार 8 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल खिताब अपने नाम कर लिया। रिंकू राय इलेवन ;मेकल मंडलाद्ध के लिए के सलामी बल्लेबाज धर्मेश पटेल ने 20 गेंदों पर 3 चौंके व 5 छक्के की मदद से शानदार 45 रनों की नाबाद पारी खेलीए वहीं सिद्धू सज्जी वाला ने 18 गेंदों पर 4 चौंके व 3 छक्के की मदद से 36 रन एवं बसंत ठाकुर ने 19 गेंदों पर 4 चौंके व 1 छक्के की मदद से 28 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं पर वाईएससी अमरपुर के लिए गेंदबाजी में एक मात्र गेंदबाज शैलेन्द्र सिंगौर ने 4 ओवर में 49 रन देकर 2 विकेट लेने में सफल रहे। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते के सुपुत्र वेद प्रकाश कुलस्ते एवं विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा डिंडौरी जिलाध्यक्ष राकेश परस्तेए मंडल अध्यक्ष अमरपुर आकाश नामदेवए उपाध्यक्ष माखन साहूए महामंत्री रामकुमार वनवासीए ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उद्देए पार्वती बर्मनए खेमराज कछवाहाए देव सिंह भारतीए लियाकत अलीए सफीक खान आदि द्वारा विजेता टीम रिंकू राय इलेवन ;मेकल मंडलाद्ध 51 हजार रुपए व ट्राफी एवं उपविजेता वाईएसी अमरपुर को 25 हजार रुपए व ट्राफी प्रदान किया गया। फाइनल मुकाबले में बेहतरीन गेंदबाजी करने पर मंडला के प्राजंल सिरसाम को मैन ऑफ द मैच एवं प्रतियोगिता में बेहतरीन ऑलराउंडर प्रदर्शन करने वाले अमरपुर के प्रवीण बर्मन को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस फाइनल मुकाबले के निर्णायक पुरूषोत्तम ठाकुर एवं रामस्वरूप बर्मन रहे। वहीं मैच का आंखों देखा हाल के के उसराठे द्वारा सुनाया गया। वहीं स्कोरिंग अरूण चक्रवर्ती तथा ऑनलाइन स्कोरिंग राहुल धुर्वे व मुकेश ठाकुर द्वारा किया गया।



### अपर बुढ़नेर डेम के विरोध में प्राथमिकी दर्ज करने पहुंचे ग्रामीण



**अमरपुर।** डिंडौरी एवं मंडला जिले के मध्य अपर बुढ़नेर डैम परियोजना का सर्वे के समय से ही डिंडौरी जिले का अमरपुर ब्लॉक एवं मंडला जिले का मवई ब्लॉक के प्रभावित किसानों द्वारा विरोध किया जा रहा हैं। जिस संबंध में अमरपुर ब्लॉक के प्रतिनिधि एवं प्रभावितों द्वारा वृहद परियोजना बढ़नेर डेम में बरती जा रही अनियमिताओं के विरोध में पुलिस अधीक्षक मंडला से बांध निर्माण के बगैर वैधानिक प्रक्रिया अपनाये ही निर्माण सामग्री क्रय की गई हैं। जोकि 7०5 करोड़ शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जाना निरूपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। इस मुद्दे पर फूल सिंह मरकाम सरपंच एवं जिला अध्यक्ष सरपंच संघ डिंडौरी द्वारा यह भी बताया कि इस संबंध में वह तत्कालीन मुख्यमंत्री के समक्ष भी आवेदन देकर बांध निर्माण का विरोध किया जा चुका हैं। साथ ही अनेकों बार शासन को ज्ञापन के द्वारा अवगत कराया जा चुका हैं। वही शिवकुमार परस्ते पेसा एक्ट अध्यक्ष ने जानकारी दी कि बढ़नेर अपर डेम निर्माण के संबंध में कभी भी ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित नहीं किया गया हैं। जबकि जिला पूर्णतः पांचवी अनुसूचित क्षेत्र घोषित हैं। जिस वजह से पेसा एक्ट का उल्लंघन किया जा रहा हैं। इस प्रकार आवेदन में 6 बिंदुओं पर अनियमिता दर्शाया गया हैं। आवेदन में पैसा एक्ट 1996 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 के नियमों की धाराओं का भी उल्लेख किया गया हैं। सामाजिक कार्यकर्ता कामता सिंह परस्तेए ग्राम प्रतिनिधि फूल सिंह मरावीए दादू लाल परस्ते एवं सोहन सिंह केराम सहित ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से विरोध दर्ज कराया हैं।

## खबर संक्षेप

### निर्झरिणी महोत्सव का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से नर्मदा जयंती के अवसर पर रविवार 25 जनवरी 2026 को संस्कृति की धरोहर, मां नर्मदा की अविरल धारा निर्झरिणी महोत्सव का आयोजन सायं 6 बजे से जिले के बरमान घाट में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित किया जायेगा। निर्झरिणी महोत्सव के अवसर पर लोकगायन (बुंदेली), नर्मदा केन्द्रित नृत्य नाटिका व भक्ति गायन कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सागर की सौम्या बुधोलिया व उनके साथियों द्वारा लोकगायन (बुंदेली) व भोपाल की दीक्षा अस्थाना व उनके साथियों द्वारा नर्मदा केन्द्रित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। इसके अलावा छतरपुर के अमित कुमार धुर्वे व उनके साथियों द्वारा भक्ति गायन का आयोजन किया जायेगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नरसिंहपुर श्रीमती रजनी सिंह के मुख्य आतिथ्य में रविवार 25 जनवरी को प्रात 11 बजे से कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन के जनसुनवाई हॉल में 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला प्रमुखों से कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए कहा है।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस सम्मान समारोह आयोजित

# मेरिट सूची में आने वाली छात्राओं को किया सम्मानित







**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

राष्ट्रीय बालिका दिवस सम्मान समारोह 2026 का आयोजन शनिवार को शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में जिले की मेरिट सूची में आने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसे अतिथियों ने सराहना की। इस अवसर पर श्रीमती निशा सोनी, स्थानीय परिवाद समिति की अध्यक्ष श्रीमती संध्या कोठारी, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार रैकवार, प्राचार्य आरबी सिंह, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. देवेन्द्र रिपुदमन सिंह, सहायक संचालक सुश्री प्रांजली मर्सकोले, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राधेश्याम वर्मा, परियोजना अधिकारी श्रीमती पुष्पा मदकोरिया, पर्यवेक्षक, आईसीपीएस सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी और बालिकाएं मौजूद थी।

#### बालिकाओं को बनाए सक्षम व सबल

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। श्रीमती निशा सोनी ने बालिकाओं के महत्व से अवगत कराया। सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों को सराहते हुए कहा कि बालिकाओं को सक्षम और सबल बनाने के लिए ग्राम स्तर पर सुनियोजित गतिविधियों का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी। श्रीमती संध्या कोठारी ने बालिकाओं के प्रदर्शन को उल्लेखनीय बताते हुए कि अभी भी बालिकाओं महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार रैकवार ने विभिन्न क्षेत्रों में सफल हुई बालिकाओं से प्रेरणा लेने की बात कही। डॉ. रिपुदमन सिंह ने बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। उन्होंने एनीमिया मुक्त भारत के संबंध में विस्तार से बताया। प्राचार्य श्री सिंह ने बालिकाओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान किया।

#### शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

कार्यक्रम में अतिथियों ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 10 वीं में जिले की मेरिट सूची मे आने वाली बालिकाओं कु. प्राची कौरव, कु. वेदिका पटेल, कु. रक्षा मेहरा, कु. नम्रता नामदेव, कु. जयश्री पटेल, कु.राजेश्वरी लोधी, कु. काजल पांडे, कु. अदिति दीक्षित, कु. अदिति पटेल, कु. मान्यता शर्मा और कक्षा 12 वीं की मेरिट सूची में आने वाली कु. वेदिका यादव, कु. अनामिका पटेल, कु. दीक्षा मेहरा, कु. कृतिका राजपूत, कु. ज्योति घोषी, कु. तृप्ति, कु. निशा गोस्वामी, कु. अंशिका शर्मा, कु. आस्था सिंह, कु. स्नेहा साहू, कु.शैली पटेल को 5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर प्रदर्शन करने वाली 10 बालिकाओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कथक नृत्य में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं में कु. अनिष्का सराठे, कु. वर्णिका जैन, कु. अदिति तिवारी, कु. मोक्षता मालवीय, कु.अराध्या सोनी व कु. तनिष्का को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।

### सम्मान और समानता देने का उत्सव है बालिका दिवसः आशीष कुमार

जन शिक्षण संस्थान द्वारा ग्राम मोहद में संचालित प्रशिक्षण केंद्र पर राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती रीना खेमरिया, विशिष्ट अतिथि आशा कार्यकर्ता श्रीमती सूरज बाई ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान निदेशक आशीष कुमार सेन ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने माँ सरस्वती की पूजन से हुई। इस अवसर पर संस्थान निदेशक श्री सेन ने बताया भारत में बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण तथा उनके समग्र कल्याण पर जोर देने के लिए प्रतिवर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी को मनाया जाता है।भारत का इतिहास बेटियों की शक्ति, सम्मान और समान अधिकार की कहानी है। राष्ट्रीय बालिका दिवस बेटियों के अधिकारों को प्रोत्साहित करने, उन्हें सम्मान और समानता देने का उत्सव है। मुख्य अतिथि श्रीमती रीना खेमरिया ने अपने उद्बोधन में कहा हर वर्ष जनवरी माह को पूरे देश में यह दिवस मनाया जाता है, ताकि समाज और सरकार मिलकर बेटियों के अधिकार, उनके सपने और उनकी संभावनाओं को सम्मान दे सकें।



## प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बाईपास फोर लाइन पर स्थित प्राचीन बड़ी खेरापति मढिया पर मैया की नई मूर्ति एवं श्री शिवलिंग की स्थापना होगी। इसके लिए दिनांक 25, 26 से 27 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। साथ ही 27 जनवरी को दोपहर 12 बजे से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के तहत 28 जनवरी को भंडारा आयोजित है। सभी से उक्त कार्यक्रमों में उपस्थित की अपील की गई है।

## ओबीसी महासभा की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवय ओबीसी महासभा की बैठक संपन्न हुई जिसमें ओबीसी महासभा संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई एवं जिले में सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया जिसमे बहुत सारे नए सदस्यों ने ओबीसी महासभा की सदस्यता ली और अपने-अपने विचार रखें जिसमें 27 परसेंट आरक्षण मध्य प्रदेश में जो 13 परसेंट होल्ड है उसको लेकर चर्चा हुई देश में जातिगत जनगणना कॉलेजियम सिस्टम क्रीमी लेयर सहित तमाम मुद्दों पर सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखें और संगठन को ग्राम वार्ड स्तर पंचायत जिला प्रदेश लेवल तक मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस मौके ओबीसी महासभा राष्ट्रीय महासचिव डॉ. बृजेंद्र सिंह यादव, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भमर सिंह धाकड़, अजमेर खान, अंकित यादव प्रदेश मीडिया प्रभारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## श्री मुक्तानंद संस्कृत पाठशाला के जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस श्री मुक्तानंद संस्कृत पाठशाला के जीर्णोद्धार समारोह में अनन्तश्री विभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज द्वारा भूमि पूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर वर्षो से चर्चाएं चलती रही है। नागरिकों द्वारा प्रयास किए जाने की बातें भी सामने आई, नतीजा कुछ नहीं निकला और स्थिति बदतर होती रही। भवन जर्जर हो गया, शिक्षक की व्यवस्था ही समाप्त हो गई और वहां पढ़ने वालों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसी बीच पंडित अरुण शर्मा ने अव्यवस्थाएं उजागर की और क्रियाशील बैठक बुलाई। चंद लोग 27 अगस्त 2025 को श्री गणेश मंदिर में एकत्रित हुए। ठोस परिणाम लाने विचार-विमर्श में तय अनुसार अगली बैठक विद्यालय में ही 4 सितंबर में वामन जयंती के साथ विद्यालय के जीर्णोद्धार पर चर्चा करने बुलाई। इसके लिए पुनरुद्धार समिति का गठन कर विद्यालय के विकास के लिए कुछ न करने वाली संचालन समिति से बातचीत कर निर्माण कार्य की रूपरेखा तय करने जिम्मेदारी दी गई। समिति के सदस्यों ने संचालन समिति के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों से बातचीत कर निर्माण शुरू करने अनेकों बार बैठक कर निवेदन किया। इसका सकारात्मक परिणाम सामने आया कि अब शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती के द्वारा पुनर्निर्माण का भूमिपूजन हुआ। उक्त पहल में मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय पुनरुद्धार समिति के अध्यक्ष सुशान्त पुरोहित, सचिव महाकाल महाराज, संजय जैन, देवेंद्र पाठक, अभय तिवारी, पंकज गुप्ता, लक्ष्मण वैष्णव, श्रीकांत मिश्रा आदि ने सक्रिय योगदान दिया।






## राजस्व विभाग द्वारा किया गया समस्याओं का निराकरण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन में किया जाता है। जनसुनवाई में विभिन्न आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आते हैं, जिनका तत्परता के साथ संबंधित अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्या का निराकरण किया जाता है। इसी क्रम में 20 जनवरी को आयोजित जनसुनवाई में नरसिंहपुर तहसील के ग्राम मल्हौआ के आवेदक पहुंचे थे। उक्त आवेदकों ने कलेक्टर को बताया कि उन्हें सरकारी पट्टे प्राप्त हुए थे। कब्जे की स्थिति अस्पष्ट होने से उन्होंने आवेदन दिए। कलेक्टर ने उनकी समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनी और राजस्व विभाग के अधिकारी को उक्त समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग नरसिंहपुर द्वारा 24 जनवरी को कार्यवाही की गई। ग्राम मल्हुआ पहुंचकर राजस्व विभाग की टीम ने क्रमांक क्रमश 3, 4, 5 थे, जो खसरा क्रमांक 150/3 रकबा 0.878 हेक्टर, खसरा क्रमांक 150/2 रकबा 0.878 हेक्टर और खसरा क्रमांक 150/4 रकबा 0.878 हेक्टर काबिज है। उक्त भूमि आवेदकों को पट्टे प्राप्त हुए थे। उक्त पट्टों की चैहरदी के हिसाब से नाप किया गया, जिससे सभी के कब्जे स्पष्ट हुए और आवेदकों की समस्या का निराकरण कर संतुष्ट नजर आए।

## नया बूथ बनने से मतदाताओं में हर्ष उत्साह पूर्वक ली शपथ

**तेंदूखेड़ा**

विधानसभा क्षेत्र में कुछ नये बनाये गये हैं। जिसमें बूथ क्र. 33 धूपखेड़ा में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार 23 जनवरी को नेशनल वोटर्स डे पर मतदाओं ने मतदान केंद्र पर पहुंच कर 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाकर भारत के लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादाओं को बनाये रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर जाति धर्म वर्ग समुदाय भाषा व अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुये विना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार के प्रयोग करने की शपथ ली। जिसमें ग्राम के सभी वर्गों के मतदाताओं की उपस्थिति रही। ग्राम के सबसे बुजुर्ग 94 वर्षीय मतदाता पं. तुलसीराम शर्मा ने केंद्र पर पहुंच कर प्रसन्नता के साथ शपथ ग्रहण की। गौरतलब रहे कि आजादी के बाद से अभी तक यहां के मतदाता 4 से 12 कि.मी. दूर रम्पुरा घुघरी बिजौरा बूथों पर जाकर मतदान किया करते थे। जिसमें बीमार या विकलांग मतदाता वोट नहीं दे पाते थे।गांव में बूथ बनने से युवा महिला वृद्ध व सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है।



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले देश के महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार तेंदूखेड़ा को सौंपा गया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि मोनी अमावस्या के दिन ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज के साथ उ प्र सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों पुलिस द्वारा अभद्रता एवं उनके शिष्यों के साथ मारपीट चोटी पकड़ कर घसीटा गया है।इस घटना से संपूर्ण सनातन धर्मावलंबी आहत हैं। तत्काल प्रभाव से उक्त अधिकारियों पुलिस कर्मियों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाये।इस घटना की कांग्रेस कार्यकर्ता घोर निन्दा करते हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दीवान शैलेन्द्र सिंह बीरेंद्र मोदी शिवकुमार बसेडिया किशोर राय ओमप्रकाश पटेल कीरत पटेल देवेंद्र पटेल राधेश शर्मा श्रीकांत गुप्ता गुंजन सिंह ठाकुर धनराज पटेल दिनेश हनुमान दास तिनगुरिया महेश साहू प्रवीण मिश्रा प्रदीप तिनगुरिया आकाश राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सट्टेबाजी की गिरफ्त में गांव- कर्ज के दलदल में धंसते परिवार, पुलिस की चुप्पी पर उठे सवाल

**गोटेगांव**

समीपवर्ती करकबेल स्थित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ऑनलाइन सट्टे और सट्टेबाजी का जाल तेजी से पैर पसार रहा है। आलम यह है कि खिलाड़ी सक्रिय हैं और पुलिस निष्क्रिय, जिसके चलते सट्टेबाजी की खबरें अब आम हो चली हैं। शासन-प्रशासन को सब कुछ ज्ञात होने के बावजूद इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना 'दिन में तारे नजर आने' जैसा दुष्कर कार्य साबित हो रहा है।स्थानीय नागरिकों का मानना है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी का खेल अब गली-मोहल्लों तक पहुंच चुका है। खुलेआम चल रहे इस गौरखधंधे से पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगना लाजमी है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि जब पुलिस को इन ठिकानों की जानकारी रहती है, फिर भी कार्रवाई क्यों नहीं होती? कुछ चर्चाएं तो यहां तक हैं कि सटोरियों द्वारा तंत्र को मोटी रकम पहुंचाई जाती है, जिसके कारण ये सट्टेबाज बेखौफ होकर अपना जाल फैला रहे हैं। इस सट्टेबाजी के ओपन, क्लोज और जोड़ी के चक्कर में एक के अस्सी बनाने के लालच में रोजाना हजारों घर बर्बाद हो रहे हैं। सैकड़ों परिवार कर्ज के ऐसे भंवर में डूबे हैं कि कई लोग अपना घर-बार छोड़कर भागने को मजबूर हो गए हैं। सामाजिक जीवन को सामान्य बनाए रखने और परिवारों को उजड़ने से बचाने के लिए इस पर तत्काल रोक लगाना अनिवार्य है। क्षेत्र की जनता अब मांग कर रही है कि चाहे ऑनलाइन सट्टा हो या खुल्लम-खुल्ला चलने वाला अवैध कारोबार, इसे पूरी तरह बंद किया जाए ताकि युवा पीढ़ी को इस बर्बादी से बचाया जा सके।




### राष्ट्र प्रेम की अलख- सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर देशप्रेम के रंग में रंगा मिनी स्टेडियम

## नेताजी के विचार तभी सार्थक होंगे जब युवा वर्ग उन्हें अपने जीवन में करेगा आत्मसात- स्नेहलता

**गोटेगांव**

नगर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस मिनी स्टेडियम परिसर में को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जन्म जयंती गरिमामय ढंग से मनाई गई। इस अवसर पर स्टेडियम में स्थापित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया और राष्ट्रभाव के साथ उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार साझा किए।श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी के विचार तभी सार्थक होंगे जब युवा वर्ग उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करेगा। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन मिलने पर युवा राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति बन सकते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फिजिकल एकेडमी के कोच मुकेश बर्मन के साथ नन्हे बालक विवान डेहरिया और ओम भनारे रहे, जो नेताजी सुभाषचंद्र बोस की वेशभूषा में स्टेडियम पहुँचे। इन नन्हे बालकों का यह रूप उपस्थित सभी लोगों के लिए प्रेरणा और गर्व का विषय रहा।इस अवसर पर रोहित, अंकित तिवारी, दिनेश, जागेश्वर, प्रशांत, दीपाली श्रीवास्तव, नेहा, पूजा, अमीषा, रुद्र, रश्मि, प्रियंका, राहुल, विश्वनाथ, लखन मेहरा और राजकुमार मेहरा सहित अनेक युवाओं ने नेताजी के जीवन संघर्षों और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने देश सेवा का संकल्प लिया।





### शासकीय सांदीपनि विद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ सम्पन्न

**गोटेगांव।** विगत दिवस शासकीय सांदीपनि विद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी संजीव नाहर व अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह दिवस हर वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी। भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस की वर्षगांठ की स्मृति में ये दिन चुना गया और मतदाता दिवस मनाने की शुरुआत हुई। ये दिन भारत के नागरिकों को उनके अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का मौका है। राष्ट्र निर्माण सहयोग के लिए प्रोत्साहित करता है।लोकतंत्र की असली ताकत मतदान में होती है। जब कोई नागरिक वोट डालने बूथ तक पहुंचता है, तो वह सिर्फ़ एक बटन नहीं दबाता, वह देश की दिशा तय करता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस इसी नागरिक शक्ति का उत्सव है, जो हर साल हमें हमारे सबसे बड़े अधिकार और कर्तव्य यानी मतदान की याद दिलाता है। अगर आप वोट नहीं देते, तो आप फैसले का अधिकार छोड़ देते हैं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस यही सिखाता है कि लोकतंत्र तभी जीवित रहता है, जब नागरिक सक्रिय रहते हैं।